Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to exempt entry fee for Lord Ganesh temples under Ashtavinayak Yatra in Maharashtra.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): महोदय, धन्यवाद।... (व्यवधान)

भगवान गणेश एकता, समृद्धि और बाधाओं को दूर करने वाले हिन्दू देवता हैं।... (व्यवधान) अष्टशब्द आठ गणेश को संदर्भित करता है और अष्टविनायक यात्रा भारत के महाराष्ट्र राज्य में आठ गणेश मंदिरों की तीर्थ यात्रा को संदर्भित करती है।... (व्यवधान) जिसमें पूर्व निर्धारित क्रम में गणेश के आठ अलग-अलग मंदिर स्थापित हैं।... (व्यवधान) लेण्याद्री मंदिर अष्टविनायक के आठ मंदिरों में से एक है।... (व्यवधान) यह मंदिर गुफा में स्थित है, जो मैदानी इलाकों से लगभग 30 मीटर ऊपर जुन्नर के आसपास की सबसे बड़ी खुदाई में प्रकट है।... (व्यवधान) इस मंदिर में रोजाना कई लोग दर्शन के लिए जाते हैं।... (व्यवधान) केन्द्र सरकार के अधीन आने वाला पुरातत्व विभाग शुरू में 5 रुपये फीस लेता था, अब उन्होंने इसे बढ़ाकर 25 रुपये प्रति व्यक्ति कर दिया है।... (व्यवधान) यहाँ आने वाले ज्यादातर श्रद्धालु तीर्थ यात्री होते हैं, जो सिर्फ गणेश मंदिर जाते हैं और बौद्ध गुफा में नहीं, फिर भी एएसआई विभाग द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों से फीस ली जाती है।... (व्यवधान) यदि एएसआई सिर्फ बौद्ध गुफाओं में प्रवेश शुल्क ले तो गणेश मंदिर के तीर्थ यात्री मुफ्त में दर्शन कर सकते हैं।... (व्यवधान)

इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि कृपया उपरोक्त मामले में हस्तक्षेप करके संबंधित अधिकारियों को बौद्ध गुफाओं के पास शुल्क संग्रह करने के निर्देश दें और गणपति तीर्थ यात्रियों से दर्शन के लिए शुल्क न लें।... (व्यवधान) धन्यवाद।